## Regarding refund of money of investors of Sahara India Companies-Laid

श्री पुष्पेंद्र सरोज **(**कौशाम्बी**) :** सहारा इंडिया कंपनी में लगभग 25 वर्षों से अभिकर्ताओं के माध्यम से विभिन्न योजनाओं में धनराशि जमा कराई गई । परंतु जमाकर्ताओं को जमा धनराशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे जमाकर्ताओं एवं अभिकर्ताओं में आए दिन लड़ाई झगड़े हो रहे हैं । आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण जमाकर्ताओं द्वारा आत्महत्या जैसे कदम भी उठाए जा रहे हैं । पूर्व में माननीय सहकारिता मंत्री जी द्वारा एक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से भुगतान करने का आश्वासन दिया गया था, परंतु उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है । भुगतान न होने के कारण लाखों अभिकर्ता / जमा करता भुखमरी की कगार पर है । अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि सहारा इंडिया की समस्त सोसाइटियों का भुगतान राष्ट्रीय कृत बैंक अथवा साहरा इंडिया के कार्यालयों द्वारा कराने के आदेश देने की कृपा करें ।